संक्षिप्त

कार्यशाला आयोजित

कोटपूतली। स्थानीय राजकीय एल.बी.एस. पी.जी. महाविधालय में शनिवार को राजनीति विज्ञान विषय की राजस्थान लोक सेवा आयोग अजमेर द्वारा आयोजित असिस्टेंट प्रोफेसर की लिखित परीक्षा में सफल प्रतिभागियों के लिये चार दिवसीय साक्षात्कार कार्यशाला और मॉक इंटरव्यू के संचालन के तीसरे दिन साक्षात्कार को लेकर कार्यशाला आयोजित की गई। मुख्य वक्ता डॉ. सर्वेश यादव व डा॑. विमल यादव ने विषय की बारिकियों को बताया। डॉ. जगराम गुर्जर ने साक्षात्कार को लेकर जरूरी सावधानियों को बताते हुये साक्षात्कार में सफलता के सूत्र बतायें। प्राचार्य डॉ. आर के सिंह के मार्गदर्शन में मॉक इंटरव्यू के लिये चार बोर्ड बनाए गये। बोर्ड विशेषज्ञ डॉ. पी. सी. जाट, डॉ. आर. के. सिंह, डॉ. विमल यादव, डॉ. सर्वेश यादव, डॉ. जगराम गुर्जर ने बोर्ड की अध्यक्षता की। बोर्ड में घनश्याम गुर्जर, डॉ. हुकम चंद गुर्जर, देशराज यादव, डॉ. मधु ने सामान्य विशेषज्ञ के रूप में भूमिका का निर्वहन किया। कार्यशाला के आयोजन सचिव घनश्याम गुर्जर ने बताया कि 02 से 05 जनवरी तक कार्यशाला आयोजित होगी। जिसमें राजस्थान व बाहर के राजनीति विज्ञान विषय के लगभग 50 सफल अभ्यर्थियों ने भाग लिया।

पौषबड़ा वितरण का आयोजन

निवाई। बालाजी भक्त परिवार के तत्वावधान में शहर के गंगा जमुना गार्डन के सामने बान्दरे वाले बालाजी एवं कम्पिश्वर महादेव मंदिर में भजन संकीर्तन के साथ पोष बड़ा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों भक्तों को पोषबड़ा की प्रसादी वितरित की गई। कार्यक्रम संयोजक केदार जायसवाल एवं जसवंत जायसवाल ने बताया कि पोषबड़ा एवं संकीर्तन कार्यक्रम का शुभारंभ अक्षय जायसवाल, रोहित शर्मा, सन्तोष जायसवाल एवं राजेन्द्र बोंली ने बालाजी के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की शुरुआत गायक उदय शंकर महावर ने महाराज गणपति म्हारी सभा में आज आवला गणेश वन्दना से की। गायक विमल जौंला एवं विमल सोगानी ने थारी चाकरी में चूक कोनी राखो म्हारा बालाजी, गायक नन्दकिशोर पेन्टर ने खेड़ा का बालाजी म्हारे निवाई को ध्यान राखल्यो, छम छम नाचे देखो वीर हनुमाना, गायक नारायण ने जिस घर में हनुमत प्यारे की तस्वीर सजाई जाती है, गायक शिवचरण महावर ने दुनिया में देव हजारों है मेरे बालाजी का क्या कहना सहित कई भजनों की प्रस्तुतियां दी। जिसमे महिलाओं ने भक्ति नृत्य किये।

10 दिवसीय ऑन जॉब ट्रेनिंग की पूरी

श्रीमाधोपुर। केंद्र सरकार द्वारा संचालित रोजगारन्मुखी योजना के तहत पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय श्रीमाधोपुर में अध्यनरत कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं को सूचना प्रौद्योगिकी और ब्यूटी एंड वैलनेस के विद्यार्थियों को व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत 10 दिवसीय ऑन जॉब ट्रेनिंग शीतकालीन अवकाश 25 दिसंबर से 3 जनवरी तक आयोजित की गई।

खोया पाया

मेरा मकान संख्या 1/157, SFS, मानसरोवर, जयपुर का मूल कब्ज़ा पत्र कही खो गया है मिलने पर सूचित करे। राज देवी- 9314871854

मेरे प्लाट नं.60, आवासीय योजना जोय मैक्स गार्डन्स-ए, ग्राम महला, तहसील मौजमाबाद, जिला जयपुर, राजस्थान के मूल कागजात जेडीए पट्टा, साईट प्लान कहीं खो गये है जो कि संजीव बाली पुत्र कृष्ण लाल बाली के नाम से है मिलने पर सूचित करें। 8952859277

मेरे प्लॉट नंबर 5,8,18 रघु विहार, खोरा मीणा, दिल्ली रोड, जयपुर जो लक्ष्मी नगर गृह निर्माण सहकारी समिति के समस्त कागज कहीं गुम हो गए है मिलने पर सूचित करे। कालूराम मीणा 9829285655

मेरे RHB म. सं. 11/562 FF मालवीय नगर जयपुर का डिक्लेरेशन लेटर कहीं गुम हो गया है मिलने पर सूचित करें कल्पना पारवानी पुत्री धनराज वासवानी 9799816246

नम्बर मिलाइए
9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

सरकार खेल व खिलाडियों को आगे बढ़ाने के लिए कृत संकल्पित : भूपेंद्र यादव

■ अलवर सांसद खेल उत्सव के तहत भाग ले रही टीम खिलाड़ियों का हौसला अफजाई करने मैदान पर पहुंचे केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव सहित नेता अधिकारी

अलवर राज ऋषि मैदान पर टीमों के बीच सिक्का उछाल टॉस कर प्रतियोगिता का शुभारंभ करते केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव।

अलवर। संसदीय क्षेत्र अलवर के दौरे पर आए वन पर्यावरण एवं जलवायु केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव दूसरे दिन शनिवार को अलवर सांसद खेल उत्सव के तहत अलवर के राजऋषि महाविद्यालय के खेल मैदान में आयोजित फाइनल मैच, चिकानी स्थित एलआईटी कॉलेज में आयोजित सेमीफाइनल मैच एवं रामगढ में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता के मैच की टॉस कर शुरुआत की। इस दौरान मंत्री भूपेंद्र यादव व जिला कलेक्टर डॉ अर्तिका शुक्ला ने खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर परिचय लेते हुए उनका हौसला अफजाई करते टीमों के बीच हुए मुकाबलों को देखा और उत्साह वर्धन किया।

इस दौरान जिला प्रमुख बलबीर सिंह छिल्लर, रामगढ विधायक सुखवंत सिंह, जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला, पूर्व मंत्री हेमसिंह भडाना, पूर्व विधायक बनवारी सिंघल, पूर्व विधायक जयराम जाटव, जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता, प्रधान दौलतराम जाटव, वीरमती, पूर्व महापौर घनश्याम गुर्जर, संजय नरूका, गोवर्धन सिंह सिसोदिया, इन्द्र यादव,रमन गुलाटी, इन्द्रजीत सिंह पाटा, देशराज खरेरा, जितेन्द्र गोयल, प्रेम पटेल, राजेन्द्र कसाणा, सीताराम चौधरी, अमित गोयल, हरिओम कटारा, लक्ष्मीनारायण गुप्ता, हरिशंकर खण्डेलवाल, हरिश अरोडा, राजेन्द्र सैनी, सुमन चौधरी, जितेन्द्र शर्मा, सहदेव सिंह, डॉ. अशोक पाठक, निखिल चाचान, डॉ. राजेश भारद्वाज, सरिता राज, सुदेश खाम्बरा सहित अनेक प्रबुद्ध व्यक्ति एवं बडी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

केंद्र व राज्य सरकार खेल व खिलाडियों को आगे बढाने के लिए निरन्तर सकारात्मक कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खेलों इंडिया अभियान से देश में खेलों के प्रति एक सकारात्मक माहौल बना है। उन्होंने कहा कि खेल शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मनुष्य के सर्वांगीण विकास के लिए उपयोगी है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में केंद्र व राज्य सरकार की बेहतरीन नीतियों से खिलाडियों को अच्छा प्लेटफार्म मिल रहे हैं जिससे खेल में केरियर बनाने के भी शानदार अवसर युवाओं को उपलब्ध हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसी कडी में सांसद खेल उत्सव का आयोजन किया गया है ताकि बच्चों में खेल के प्रति रुचि बढ़े और उनका विकास हो सके तथा जिले में खेलों के प्रति एक माहौल तैयार हो सके। युवा डिजीटल दुनिया के साथ मैदान पर अपनी प्रतिभा दिखा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अलवर सांसद खेल उत्सव का अगला चरण शीघ्र ही प्रारम्भ होगा जिसमें खो-खो, कबड्डी, बास्केटबॉल जैसे अनेक खेलों की प्रतियोगिता अलवर संसदीय क्षेत्र में होगी। उन्होंने कहा कि क्रिकेट प्रतियोगिता में करीब साढे तीन सौ टीमें भाग ले रही है जिसमें करीब 40 टीमें बेटियों की भी है।

‘मनुष्य जीवन दान धर्म के लिए सर्वोत्तम प्रयाय है’

निवाई। श्री दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र सहस्त्रकूट विज्ञातीर्थ गुन्सी में आर्यिका विज्ञाश्री माताजी ससंघ के सानिध्य में चोरासी लाख भ्रमण निवारण मण्डल विधान का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने मण्डप पर श्रीफल अघ्र्य समर्पित किए। विज्ञा तीर्थ के कार्याध्यक्ष महावीरप्रसाद पराणा एवं चातुर्मास कमेटी अध्यक्ष सुनील भाणजा ने बताया कि विधान का शुभारंभ भगवान शांतिनाथजी के अभिषेक एवं शांतिधारा करने का सौभाग्य प्रकाशचन्द छाबड़ा जयपुर वालों को मिला। इसके बाद श्रीजी के समक्ष श्रद्धालुओं ने दीप प्रज्वलित कर विधान की शुरुआत की। जैन धर्म प्रचारक विमल जौंला ने बताया कि विधानाचार्य पण्डित विमल बनेठा के निर्देशन में विधान पर पांच मंगल कलश की स्थापना कर नव देवता पूजा, देव शास्त्र, गुरु पूजन, गणाचार्य विराग सागर महाराज पूजा, आर्यिका विज्ञाश्री माताजी पूजा के चोरासी लाख भ्रमण निवारण मण्डल विधान की पूजा अर्चना गाजे बाजे से की गई जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने 84 श्रीफल चढाकर पूजा अनुष्ठान में भक्ति नृत्य किया। विज्ञा तीर्थ गुन्सी कमेटी अध्यक्ष सन्मति चंवरिया ने बताया कि विधान के उपरांत अनुष्ठान के पुण्यार्जक परिवार प्रकाशछाबड़ा जयपुर का महावीरप्रसाद पराणा, सन्मति चंवरिया, मनोज पाटनी, सुनील भाणजा, राजेश बनेठा व विमल पाटनी सहित कमेटी द्वारा राजस्थानी परम्परा अनुसार स्वागत किया। विधान में विज्ञाश्री माताजी ने कहा कि मनुष्य जीवन दान धर्म के लिए सर्वोत्तम पर्याय है। क्योंकि अन्य किसी भी पर्याय में दान नहीं दिया जा सकता।

आम सूचना Date- 04/01/ 2025

सर्वसाधारण को मेरे अभिभाष्य श्री अशोक कुमार सोनी पुत्र स्व. श्री हरिराम सोनी, निवासी- 129, बसन्त बहार कॉलोनी, गोपालपुरा मोड़, जयपुर की ओर से सुचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य का पुत्र पुरुषोत्तम सोनी मेरे अभिभाष्य के कहने में नहीं है तथा मनमर्जी करता है जिस कारण मेरे अभिभाष्य ने अपने पुत्र पुरुषोत्तम सोनी से सभी प्रकार के सामाजिक, आर्थिक सम्बन्ध समाप्त कर उसको अपनी जाति जिन्दगी, जायदाद एवं समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। यदि कोई व्यक्ति मेरे अभिभाष्य के पुत्र पुरुषोत्तम सोनी से किसी प्रकार का कोई लेनदेन, व्यापार, संव्यवहार आदि करता है तो इसकी जिम्मेदारी स्वयं उसकी होगी, मेरे अभिभाष्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। सूचित रहे।

(दीपक कुमार बबलानी) एडवोकेट
3/373, Malviya Nagar, JAIPUR Mo-9529143322, 9649722224

नाम परिवर्तन

I have changed my name from Sajay Jaisingh Kachhwaha to Sajay Jai Singh. In the future, I shoud be known by the name Sajay Jai Singh only. add.: HD 202, HIG Block, Pratap Apartment, Pratap nagar, Sanganer Jaipur, rajasthan- Mob. 8780687469

नाम परिवर्तन

मै रेखा देवी पत्नी नम्बर 15209198 एफ हवलदार (ड्राइवर स्पेशल) अनिल कुमार सिंह, यूनिट 199 मिडियम रेजिमेन्ट। मेरे पति के सैन्य दस्तावेजों में मेरा नाम ''रेखा'' है जो कि गलत है। मेरा वास्तविक नाम रेखा देवी है।

विवाह उपरान्त मेने अपना नाम कु. वन्दना गुप्ता से बदलकर अलका गुप्ता पत्नी राज कुमार गुप्ता रख लिया है भविष्य में मुझे अलका गुप्ता के नाम से जाना जाये 26 आदर्श कृष्णा नगर, करतारपुरा फाटक, जयपुर

मैने अपना नाम हेमेंद्र सिंह सिसोदिया पुत्र श्री राजेन्द्र सिंह सिसोदिया (निवासी 24, हीरानगर, डीसीएम, अजमेर रोड, जयपुर) से बदलकर हेमेंद्र सिसोदिया रख लिया है, भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावें

अभिभाषक संघ की नवीन कार्यकारिणी को दिलाई शपथ

■ शपथ ग्रहण समारोह राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायाधिपति गणेशराम मीणा के मुख्य आतिथ्य मे आयोजित किया

मालपुरा, (निस)। अभिभाषक संघ मालपुरा की नवीन कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह शनिवार को राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायाधिपति गणेशराम मीणा के मुख्य आतिथ्य मे आयोजित किया गया। नवीन कोर्ट परिसर मे आयोजित शपथ ग्रहण समारोह मे पहुंचे न्यायाधिपति गणेशराम मीणा ने कहा कि बार व बैंच न्यायपालिका का अभिन्न अंग है। दोनो के बीच मधुर सम्बन्धो से पिडित को सुगम व निष्पक्ष न्याय मिलने का मार्ग प्रस्त होता है।

संविधान मे बनाये गये कानून की पालना व उसकी मर्यादा का पालन करना बार का प्रथम कर्तव्य है। न्यायाधिपति ने शपथ ग्रहण समारोह मे मौजूद अधिवक्ताओं से कहा कि आमजन का न्यायपालिका के प्रति जो विश्वास बना हुआ है उसे बनाये रखना अधिवक्ता का पहला धर्म है। न्यायाधिपति ने नवीन बार अध्यक्ष राजेन्द्र राजपुरोहित,उपाध्यक्ष भगवान सिंह गुर्जर, सचिव विरेन्द्र शर्मा, पुस्तकालय सचिव अशोक कुमार साहु, कोषाध्यक्ष नवरतन जाट को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। समारोह मे कमल कुमार सैनी मुख्य न्यायधीश, एडीजे कृष्ण मुरारी जिन्दल, एसीजेएम रेश्मा जानवानी, एमजेएम धर्मेन्द्र शर्मा सहित मालपुरा बार के लगातार 13 बार अध्यक्ष रहे एडवोकेट रवि कुमार जैन मंचाशील अतिथि रहै। वरिष्ठ अधिवक्ता परशुराम चौधरी ने नवीन न्यायालय परिसर मे दिन-प्रतिदिन बढती अधिवक्ताओं की संख्या को मध्य नजर रखते हुये अधिवक्ताओं के लिये नवीन बैठक हाल निर्माण करवाने व राज्य सरकार से मालपुरा को जिला घौषित करवाना मालपुरा क्षैत्रवासियो को उनका खोया वैभव लौटने का आग्रह किया।

113 यूनिट ब्लड डोनेट

मनोहरपुर । पठान सामाजिक विकास संस्थान चितौड़गढ़ के अध्यक्ष तनवीर खान एडवोकेट ने बताया की ख्वाजा मोईनुद्दीन हसन चिश्ती रहमतुल्लाह अलेह के 813 उर्स के मुबारक मौके पर एक ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया जिसने 113 यूनिट ब्लड डोनेट किया गया इस दौरान काजी ए शहर अब्दुल मुस्तफा साहब,मौलाना अब्दुल रशीद साहब, मौलाना खलील साहब,मौलाना आबिद साहब,मौलाना हाफिज रईस अहमद साहब ने बारगाह ए गरीब नवाज में दुआ करी और ब्लड डोनेशन कैंप में शिरकत की।

कार्यक्रम के विशिठ अतिथि समाजसेवी पवन जी शर्मा का सरपरस्त अब्दुल हमीद ने साफा बांधकर एवम सिद्दिक खान पठान ने माला पहनाकर स्वागत किया, साथ ही चितौड़गढ़ में निशुल्क निकाह सम्मेलन करने वाले ताहिर हुसैन सिलावट उर्फ सोनू ठेकेदार को जुल्फकार साहब छिपा ने साफा और माला पहनाकर, अंजुमन सेक्रेटी फैज मुहम्मद शेख साहब को सरपरस्त मुर्तुजा खान ने साफा बांधा एवम सरपरस्त मुहम्मद शरीफ खान पठान ने माला पहनाकर इस्तकबाल किया ।

सांभर के स्वतंत्रता सेनानी का आंदोलन में रहा खास योगदान

■ स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय बनवारी लाल शर्मा को श्रद्धासुमन अर्पित किए गए

सांभरझील, (निसं)। सांभर की खास शख्सियत में शुमार रहे स्वतंत्रता सेनानी बनवारी लाल शर्मा की पुण्यतिथि पर उनके दिए गए योगदान के बारे में आज की युवा पीढ़ी को बताया। उनके चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। वर्ष 1908 में जन्मे बनवारी लाल ने आजादी के आंदोलन के दौरान ब्रिटिश काल के शासको का सामना किया, मानसिक पीड़ा को झेला और शारीरिक कष्ट की परवाह न करते हुए अपने मिशन को लेकर चलते रहे। कांग्रेस के बीस से अधिक अधिवेशनों में हिस्सा लिया था। 1942 के भारत छोड़ो आन्दोलन में ब्रिटिश सरकार से बचकर वे मेहर के जंगलों में रहे और वहां से आंदोलनकारियों को सहयोग करते थे।

आजादी बाद जयपुर में कांग्रेस का पहले अधिवेशन का हिस्सा बने। प्रबंधन का बड़ा जिम्मा उन्हीं के पास था। तत्कालीन अध्यक्ष डॉ पट्टाभि सीतारमैया के वे बहुत नजदीक माने जाते थे। डॉ राजेन्द्र प्रसाद, पंडित जवाहरलाल नेहरू, पुरूषोत्तम दास टंडन, मदन मोहन मालवीय, सी. राजगोपालाचार्य आदि से उनकी नजदीकियां थी।

जब पहली राज्यसभा बनी तो डा पट्टाभि सीतारमैया ने उन्हें कांग्रेस टिकट आफर किया था, लेकिन यह कहकर मना कर दिया कि मैं सिर्फ आठवीं तक पढ़ा हूं, राज्यसभा तो उच्च शिक्षितजनों का सदन है। आजादी बाद सांभर की बाग स्कूल (वर्तमान दरबार हाई स्कूल) को दसवीं से ग्यारहवीं तक क्रमोन्नत करवाया था। पूर्व मुख्यमंत्री मोहन लाल सुखाडिया को सांभर में कालेज खोलने के लिए उन्होंने ही तैयार किया था। वे शुद्ध गांधीवादी थे, खद्दर पहनते थे और चरखा भी चलाते थे। भारतीय संविधान में वर्णित फंडामेंटल राइट्स के प्रणेता तथा पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ कन्हैयालाल माणिकलाल मुंशी उनके निजी मित्र थे और सेठ बख्तावर लाल टांक के खिलाफ दायर एक चुनाव याचिका में जवाब देने के लिए बतौर वकील जयपुर लाये थे। इसी तरह 1952 में जब जयनारायण व्यास जोधपुर से विधानसभा चुनाव हार गए थे, लेकिन पंडित जवाहरलाल नेहरू की पसंद होने के कारण मुख्यमंत्री बनाये गये थे तो उपचुनाव के जरिए जीतना जरूरी था। किशनगढ़ उपचुनाव उन्होंने लड़ा था, प्रारंभिक दौर में जयनारायण व्यास पिछड़ रहे थे, तब डाक्टर पट्टाभि सीतारमैया के निर्देश पर दादाजी ने जाकर किशनगढ़ उपचुनाव का काम संभाला और जयनारायण व्यास को जितवा कर लाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। वे कर्मठ व्यक्तित्व के धनी थे और सादगी इतनी कि स्वाधीनता सेनानी होने के बाद भी न कभी पेंशन के लिए कोशिश की और न किसी सम्मान की।

उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)

व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं. 02/2024
विषय- उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।
प्रार्थी नाम मनिता शर्मा पुत्री स्व.प्रहलाद कृष्ण शर्मा जाति ब्राह्मण
विवाद स्थान जयपुर
मृतक महाश्वेता शर्मा की सम्पत्ति के विषय में।
पेशी दिनांक- 12.02.2025
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम महाश्वेता शर्मा पत्नी स्व.एस.मोहन शर्मा जाति ब्राह्मण निवासी प्लाट नं.94/173, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावें।
अतः उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 12 माह 02 सन् 2025 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
आज दिनांक 18 माह 12 सन् 2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।

आज्ञा से-रीडर
एडमिनिस्ट्रेटर जनरल
राजस्थान जयपुर
मोहर अदालत

‘उपभोक्ता को वस्तु की गुणवत्ता जांच कर ही खरीदना चाहिए’

अतिथियों का माला पहनाकर स्वागत अभिनन्दन किया।

फुलेरा। कस्बे के गणगौरी बाजार स्थित रामद्वारा भवन परिसर में शुक्रवार को दोपहर 3 बजे एक कार्यक्रम शिक्षाविद् शक्ति सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जबकि कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में कंज्यूमर्स एक्शन एण्ड प्रोटेक्शन सोसाइटी के अध्यक्ष विजेन्द्र प्रकाश हलचल रहे।

वहीं अतिथि के रूप में पत्रकार विनोद यादव, हरीश शर्मा रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में राम दरबार के माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। तत्पश्चात आगंतुक अतिथियों का माला पहनाकर स्वागत अभिनन्दन किया गया। इसके बाद कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य वक्ता कंज्यूमर्स एक्शन एण्ड प्रोटेक्शन सोसाइटी के अध्यक्ष एवं भारतीय मानक ब्यूरो के रिसोर्स पर्सन विजेन्द्र प्रकाश हलचल ने बताया कि उपभोक्ता संरक्षण के लिए भारतीय मानक ब्यूरो बेहतर ढंग से कार्य कर रहा है और मानक का उपयोग करके उपभोक्ता अपने जीवन को सुगम और सरल बना सकता है। इसके लिए उपभोक्ता को मानक चिह्न देखकर एवं बीआईएस केयर एप के जरिए वस्तु की गुणवत्ता जांच परख कर खरीदारी करनी चाहिए। वहीं आगे बताया कि यदि कहीं किसी वस्तु एवं सेवा में दोष दिखाई पड़े, तो उसकी शिकायत अपने मोबाइल के जरिए ही उक्त केयर एप पर करनी चाहिए। इसी क्रम में उन्होंने बताया कि देश के अन्दर निरन्तर मानक चिह्नों में बढ़ोतरी की जा रही है। ताकि उपभोक्ता को गुणवत्ता युक्त वस्तु एवं सेवा मिले। इसके लिए निरन्तर नई-नई तकनीकी का प्रयोग करते हुए अनुसन्धान एवं कार्य किया रहा है। इसी क्रम में उन्होंने बताया कि हर मानक उपभोक्ता के लिए बनाया जाता है। यदि उपभोक्ता मानक के बारे में आवश्यक जानकारी खरीदारी करने से पहले कर ले तो उसे कभी कोई शिकायत ही नहीं हो सकती।

खुले कुंए दे रहे हैं हादसों को न्योता

पावटा। जिले में बोरवेल में गिरी तीन साल की चेतना की मौत के बाद भी प्रशासन ने सबक नहीं लिया है। जिले के पावटा क्षेत्र में खुले बोरवेल आज भी हादसों को न्योता दे रहे हैं। प्रशासन के तमाम दावों के बावजूद क्षेत्र में अब भी खुले कुए हैं। इस मामले में तह सील दार संजय खेदड़ ने कहा कि जल्द ही कर्मचारियों को मौके पर भेजकर जांच करवाई जाएगी।उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि जो भी सुरक्षा उपाय किए जा सकते हैं, वे सब प्राथमिकता से किए जाएंगे। क्षेत्र में बिना किसी सुरक्षा के कुओं को खुला छोड़ रखा है। अब ये खुले कुए न केवल जानवरों के लिए, बल्कि बच्चों और अन्य स्थानीय निवासियों के लिए भी खतरनाक साबित हो रहे हैं। खुले कुओं के चारों ओर उचित चेतावनी संकेत भी नहीं है। लोगों ने स्थानीय प्रशासन से इस समस्या का समाधान करने की मांग की है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की कि खुले बोरवेलों व कुओं को ढंकवाने को लेकर आवश्यक कार्रवाई की जाए।

नाली नहीं होने से गंदा पानी सड़कों पर भरा

पावटा। पावटा प्रागपुरा नगरपालिका क्षेत्र के ग्राम ललाणा में नोकडया चौराहे से आगे लोग नाली निर्माण कराने की लंबे समय से गुहार लगा रहे हैं, लेकिन उनकी कोई सुनने को तैयार नहीं है। अब हाल यह है कि आने जाने के मुख्य मार्ग पर गंदा पानी भरने से लोगों को आवाजाही में बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

समाजसेवी ओपी बायला, विनोद यादव, कुलदीप सैनी, कमलेश सैनी, छोटू धानका, पवन वर्मा, राजू शेखावत, रघुवीर धानका, कृष्ण कारीगर सहित ग्रामीणों ने बताया कि गांव ललाणा के बाशिंदे मूलभूत सुविधाओं से जूझ रहे हैं। यह गांव विकास में पिछड़ा हुआ नजर आ रहा है। मूल समस्या नाली निर्माण की है। नाली निर्माण नहीं होने के कारण घरो से निकलने वाला गंदा पानी मुख्य रास्ते पर आकर फैल रहा है। निकासी नहीं होने से पानी एक जगह ही भरा हुआ है। लोगों को भी मजबूरी में इसी गंदे पानी से होकर जाना पड़ रहा है। गंदा पानी महीनों से भरा होने के कारण बीमारियों का प्रकोप बढने लगा है। उल्लेखनीय है कि ग्रामीणों ने इस समस्या को लेकर पूर्व में कई बार अधिकारियों को अवगत कराया है। उसके बावजूद उनकी समस्या की तरफ किसी ने ध्यान देना मुनासिब नहीं समझा है।

वही कस्बा पावटा में भी पाइप लाइन बिछाने के लिए खोदे गए गड्ढों को आज तक पालिका भर नहीं पाई है। जिसका खामियाजा वार्डो के लोगों को भुगतना पड़ रहा है। कस्बे में कई वार्डो में सड़कों का निर्माण तो कर दिया लेकिन जल निकासी के लिए नालिया बनाना भूल गए। जिससे वार्डो में जल भराव की समस्या उत्पन्न होने से लोग परेशान है पालिका व अधिकारी हर बार बजट नहीं होने की बात कहते हुए लोगों को टाल देते हैं। समस्या दूर नहीं होते देख अब लोग मायूस नजर आ रहे हैं।

उनका कहना है कि कोई उनकी परेशानी को देखने व सुनने वाला नहीं है। अभी हालत यह है की रास्ते पर पानी भरा होने से लोगों को ईंट रखकर निकलना पड़ रहा है। इससे उनके साथ दुर्घटना की संभावना बनी रहती है।

उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)

व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं. 8/2024
उत्तराधिकार
विषय- उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।
प्रार्थी नाम गोविन्द मीणा पुत्र राम सिंह मीणा जाति मीणा
विवाद स्थान 23-79 स्वर्ण पथ, मानसरोवर जयपुर 302020
मृतक राम सिंह मीणा की सम्पत्ति के विषय में।
पेशी दिनांक- 22.01.2025
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम राम सिंह मीणा पुत्र कासी राम मीणा जाति मीणा निवासी 23-79 स्वर्ण पथ, मानसरोवर जयपुर 302020 का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावें।
अतः उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 22 माह 1 सन् 2025 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
आज दिनांक 23 माह 12 सन् 2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।

आज्ञा से-शरिस्तेदार
अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश
संख्या 10 जयपुर महानगर प्रथम
न्यायालय सांगानेर
मोहर अदालत

‘हमारी खुद की सावधानी हमारे और हमारे परिवार का सुरक्षा कवच है’

■ भिवाड़ी पुलिस और परिवहन विभाग ने जागरूकता अभियान के तहत गुलाब का फूल भेंट कर दी नियमों की जानकारी

भिवाड़ी। भिवाड़ी एसपी ज्येष्ठा मैत्रेयी के निर्देशन में शनिवार को राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 के तहत यातायात शाखा प्रभारी मेनका वरदानी और पुलिस बल ने भिवाड़ी मोड़ ट्रैफिक पॉइंट पर विशेष जागरूकता अभियान चलाया। इस अभियान में बिना हेलमेट और सीट बेल्ट के वाहन चला रहे चालकों को रोककर गुलाब का फूल भेंट किया गया और उनसे यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई।

एसपी ज्येष्ठा मैत्रेयी ने कहा अभियान का मुख्य उद्देश्य वाहन चालकों को यह समझाना कि हेलमेट और सीट बेल्ट न केवल नियमों का पालन करने के लिए आवश्यक हैं, बल्कि उनकी और उनके परिवार की सुरक्षा के लिए भी महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा हमारा लक्ष्य जुर्माना लगाना नहीं, बल्कि लोगों को उनकी सुरक्षा के प्रति जागरूक करना है। सड़क पर हर व्यक्ति की सुरक्षा के लिए यातायात नियमों का पालन अत्यावश्यक है। आगामी दिनों में जिले के अन्य हिस्सों में भी इसी प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगेयातायात शाखा प्रभारी मेनका वरदानी ने बताया भिवाड़ी मोड़ पर अभियान के तहत वाहन चालकों को रोककर कोहरे और कम दृश्यता के दौरान सतर्क रहने और वाहन पर रिफ्लेक्टर का उपयोग करने की सलाह दी गई। ओवरस्पीडिंग, ओवरलोडिंग, और मोबाइल फोन के उपयोग से बचने और ड्राइविंग के दौरान शराब का सेवन नहीं कर एक जिम्मेदार नागरिक बनने आदि नियमों का पालन करने की सलाह दी गई। वाहन चालकों ने पुलिस के अनूठे प्रयास की सराहना की और स्वीकार किया कि गुलाब का फूल भेंट करना और उन्हें यातायात नियमों के महत्व को समझाने का एक प्रभावी तरीका है।

परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग और श्री सीमेंट लिमिटेड कंपनी द्वारा श्री सीमेंट लिमिटेड, खुशखेड़ा में विशेष सड़क सुरक्षा कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कार्यरत वाहन चालकों, श्रमिकों और कर्मचारियों को सड़क सुरक्षा के महत्व और अनिवार्य सावधानियों के बारे में विस्तार से बताया गया। पैदल यात्रियों को सड़क पर चलते समय ज़ेब्रा क्रॉसिंग का उपयोग करने और ट्रैफिक सिग्नल का पालन करने की सलाह दी गई।

ट्रैफिक नियमों का पालन, हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग, और गति सीमा का ध्यान रखने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। सड़क पर दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मदद करने और गुड समैरिटन कानून के तहत अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। भिवाड़ी टोल प्लाजा पर सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। वहां फ्लेक्स बैनर लगाए गए, जिन पर सड़क सुरक्षा के महत्व को उजागर करने वाले संदेश लिखे गए। ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन पर 15 वाहनों के चालान बनाए गए। यह कार्रवाई यह सुनिश्चित करने के लिए की गई कि सड़क पर यातायात के नियमों का सख्ती से पालन हो।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

शाखा कार्यालय: आकेड़ा डूँगर, 3 गोविन्द विहार गाँव, रोड नं. 17 वीकेआई एरिया, आकेड़ा डूँगर, जयपुर, राजस्थान 302013
फोन नं.: 0141-2461531, ई-मेल: akeda@bankofbaroda.co.in

वाहन के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस

आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित वाहन जो प्रतिभूत लेनदार के पास दृष्टिबंधक है, का वास्तविक कब्जा प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को **"जहां है, जैसा है और जो कुछ भी है"** के आधार पर **बैंक ऑफ बड़ौदा, आकेड़ा डूँगर शाखा, 3 गोविन्द विहार गाँव, रोड नं. 17, वीकेआई एरिया, आकेड़ा डूँगर, जयपुर, राजस्थान** प्रतिभूत लेनदार की बकाया राशि की वसूली हेतु **दिनांक 07.02.2025** को बेचा जाएगा। ऋणियों, प्रतिभूति-दाता, ज्ञात ऋण भार (यदि कोई हो) सहित वाहन, आरक्षित मूल्य, धरोहर राशि, बकाया राशि व समय का विवरण निम्न तालिका अनुसार होगा:

ऋणी का नाम व पता- श्री मोहसिन खान पुत्र श्री मुख्तार, प्लॉट नं. 118, श्रीजी नगर, प्रथम लक्ष्मीनारायण, हरमाड़ा अखैपुरा, जयपुर 302013 एवं प्लॉट नं. 71, जगदीशपुरी 2, हरमाड़ा अखैपुरा, जयपुर 302013

वर्तमान बकाया राशि- रूपये 7,03,213.24 दिनांक 15.12.2024 को बकाया तथा इससे आगे का ब्याज व अन्य वसूली खर्चे इत्यादि।
धरोहर राशि (ई.एम.डी.) तथा के.वाई.सी., दस्तावेज जमा करवाने की अन्तिम तिथि 06.02.2025 सांय 4:00 बजे से पहले।

वाहन का ब्यौरा (बैंक में उपलब्ध रिकॉर्ड के अनुसार)	आरक्षित मूल्य	धरोहर राशि	ई-नीलामी का समय
श्री मोहसिन खान पुत्र श्री मुख्तार के नाम मारूति सुजुकी बलेनो जेटा पेट्रोल, रजिस्ट्रेशन नं. RJ45CK7085, चेसिस नं. MBHEWB22SLB456108, इंजन नं. K12MP4015782, मॉडल 2020 अन्य ऋण भार: ज्ञात नहीं	रूपये 4,00,000/- (रूपये चार लाख मात्र)	रूपये 40,000/- (रूपये चालीस हजार मात्र)	दोपहर 12:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक (प्रत्येक 5 मिनट की असीमित समयावृद्धि के साथ)

ई-नीलामी बिक्री के नियम एवं शर्तें-
1. विक्रय को बिना कारण बताये किसी भी समय निरस्त अथवा स्थगित करने का अथवा किसी भी प्रस्ताव को स्वीकार व अस्वीकार करने का अधिकार बैंक ऑफ बड़ौदा के पास सुरक्षित है। यह ठीक प्रकार से समझ लेवें कि विक्रय बैंक के द्वारा पुष्टि किये जाने के अधीन है।
2. इच्छित बोलीदाता जिन्होंने ईएमडी जमा कर दिया है और लॉगिन और पासवर्ड बनाने, डेटा अपलोड करने, बोली जमा करने, ई-बोली प्रक्रिया पर प्रशिक्षण आदि में सहायता की आवश्यकता है, वे **मैसर्स ई-प्रोक्यूरमेन्ट टेक्नोलॉजिज लिमिटेड- ऑक्शन टाईगर, बी-704, वॉल स्ट्रीट-2, ओरियन्ट क्लब के सामने, गुजरात कॉलेज के पास, एलिस ब्रिज, अहमदाबाद 380006, सम्पर्क सूत्र श्री प्रवीण कुमार थेवर मोबाईल 91-9722778828 को सम्पर्क कर सकते** है एवं वाहन से संबंधित किसी भी प्रश्न के लिए **बैंक ऑफ बड़ौदा, आकेड़ा डूँगर शाखा, 3 गोविन्द विहार गाँव, रोड नं. 17, वीकेआई एरिया, आकेड़ा डूँगर, जयपुर, राजस्थान** से किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय के दौरान संपर्क कर सकते हैं।
3. प्राधिकृत अधिकारी की सम्पूर्ण जानकारी एवं सूचनाओं के अनुसार वाहन पर कोई भी अन्य ऋण-प्रभार नहीं है फिर भी इच्छुक बोलीकर्ता अपनी निविदा प्रस्तुत करने से पूर्व इस वाहन पर ऋण-भार एवं दावे/अधिकार/बकायों/प्रभावी संबंधी जांच-पडताल उनके स्वयं द्वारा अलग से कर सकता है।
4. ई-नीलामी के दौरान बोलीदाताओं को परस्पर अन्तिम बोली के ऊपर उच्च बोली लगाने की अनुमति दी जायेगी तथा किसी बोलीदाता द्वारा अंतिम बोली से उच्चतर यदि कोई बोली लगाई जाती है तो विक्रय प्रक्रिया अवधि 5 मिनट के लिये स्वतः ही बढ़ जायेगी तथा यह प्रक्रिया असीमित समय तक निरन्तर रहेगी।

विक्रय के निबंधन और शर्तों के ब्यौरे के लिए कृपया नीचे दिए गए बैंक ऑफ बड़ौदा, प्रतिभूत लेनदार की वेबसाइट अर्थात ई-नीलामी हेतु प्लेटफॉर्म https://bob.auctiontiger.net देखें।

दिनांक: 31.12.2024
स्थान: जयपुर

हस्ता.
प्राधिकृत अधिकारी